पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय महाराजपुर कवर्धा जिला कबीरधाम

PM SHRI KENDRIYA VIDYALAYA MAHARAJPUR KAWARDHA DISTRICT KABIRDHAM

दिनांक : 30.03.2026

प्रवेश सूचना 2026-27

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय महाराजपुर कवर्धा में कक्षा **2, 6 एवं 7** में कुछ रिक्तियां होने के कारण प्रवेश हेतु पंजीकरण दिनांक **02.04.2026 (गुरुवार) प्रातः9:00 बजे से 08.04.2026 (बुधवार) शाम 04:00 बजे** तक किया जाएगा | **इसके अतिरिक्त कक्षा 10 एवं 12 (विज्ञान व वाणिज्य वर्ग) में सिर्फ श्रेणी 1 व 2 के अभिभावकों के बच्चों के प्रवेश हेतु कुछ रिक्तियाँ उपलब्ध हैं |**

इन कक्षाओं में प्रवेश हेतु पंजीकरण प्रपत्र (Registration form) विद्यालय की वेबसाइट https://kawardha.kvs.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा विद्यालय से नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता है | विधिवत भरे हुए पंजीकरण प्रपत्र को सभी आवश्यक दस्तावेजों (**सेवा प्रमाण पत्र,बच्चे का जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, अभिभावक एवं बच्चे का आधार कार्ड, बच्चे का PEN, APAAR आई डी**) की सत्यापित प्रति के साथ पंजीकरण की अंतिम तिथि तक विद्यालय में जमा करना होगा | इन कक्षाओं में प्रवेश हेतु अनंतिम सूची दिनांक 13.04.2026 को जारी कर प्रवेश दिनांक 15.04.2026 से 20.04.2026 तक किए जाएंगे |

कक्षाओं में सीटों का आरक्षण के.वि.सं. के प्रवेश दिशा निर्देश 2026-27 के अनुसार किया जाएगा | विद्यालय में नवीन प्रवेश केंद्रीय विद्यालय संगठन के नियमानुसार व किसी कक्षा में उपलब्ध नवीनतम रिक्तियों के आधार पर किया जाता है | अत: केवल पंजीकरण मात्र से ही प्रवेश का अधिकार नहीं होगा | यदि अभिभावक द्वारा आवेदन पत्र में कोई गलत /भ्रामक जानकारी दी जाती है तो केवि में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान/पश्चात प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा |

नोट: उपरोक्त कक्षाओं के अलावा किसी अन्य कक्षा में रिक्तियां नहीं है, अतः अन्य किसी कक्षा हेतु कोई भी पंजीकरण आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा | कक्षा 11 (विज्ञान व वाणिज्य वर्ग) में नवीन प्रवेश पंजीकरण सीबीएसई द्वारा कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद संबन्धित कक्षा में रिक्तियाँ होने की स्थिति में किया जाएगा | प्रवेश से सम्बंधित नवीनतम जानकारी के लिए विद्यालय वेबसाइट https://kawardha.kvs.ac.in **का अवलोकन करें |**

SUSHIL KUMAR
Digitally signed by SUSHIL KUMAR
Date: 2026.03.30 11:03:27 +05'30'

प्राचार्य